# ₹100 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को 15 दिन में जमीन आवंटन

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी ला रही है। ₹100 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए 15 दिन के भीतर जमीन आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, 25,000 एकड़ का लैंड बैंक हर महीने अपडेट होगा, जिसकी जानकारी निवेशकों को एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। यह निर्णय ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक कार्यशाला में लिया गया, जिसमें सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**25,000 एकड़ का लैंड बैंक मासिक अपडेट होगा, निवेशकों को एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी**

कार्यशाला का उद्देश्य भूमि संबंधी लंबित मुद्दों को हल करना और ₹1.68 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारना था। इसमें 'प्लग-ऐंड-प्ले' इंफ्रास्ट्रक्चर, समयबद्ध प्लॉट आवंटन और गैर-क्रियाशील इकाइयों को रद्द करने पर जोर दिया गया। सर्वेक्षण के अनुसार, 33,000 से अधिक औद्योगिक भूखंडों में 25% खाली हैं। अधिकारियों को सौर विनिर्माण, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, आईटी-आईटीईएस और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों के लिए विशिष्ट लैंडबैंक तैयार करने का निर्देश दिया गया।

132 से अधिक परियोजनाओं, जिनमें ₹1.68 लाख करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, के लिए भूमि संबंधी समस्याओं को हल करने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाई जाएगी।

निवेश मित्र 3.0 के तहत प्रक्रियाओं को डिजिटल और सरल बनाने पर काम चल रहा है, जिससे दस्तावेज़ीकरण और अनुपालन में 50% कमी आएगी। यूनिफाइड बिल्डिंग बाय-लॉज़ लागू कर नियमों को मानकीकृत और पारदर्शी बनाने पर भी चर्चा हुई।